आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 02.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. एआई संचालित आधार फेस ऑथेंटिकेशन लेन–देन में मार्च महीने में इक्कीस दशमलव छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

2. प्रदर्शनी मैदान में चल रहे पुस्तक मेले में आज बच्चों के लिए ड्राइंग, स्टोरी टेलिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

3. द्वीपसमूह के कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से लघु फिल्म एवं फोटो प्रतियोगिता का आयोजन।

4. श्री विजयपुरम स्थित पांडिचेरी विश्वविद्यालय परिसर ने एमबीए छात्रों के लिए इन कैम्पस प्लेसमेंट अभियान आयोजित।

<><><><><><><>

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के एआई–संचालित आधार फेस ऑथेंटिकेशन लेन–देन में मार्च महीने में इक्कीस दशमलव छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि अक्टूबर दो हजार बाईस में चेहरा प्रमाणीकरण समाधान की शुरुआत के बाद से एक सौ तीस करोड. से अधिक लेन–देन किए गए हैं जो इसके बढ़ते उपयोग को बताता है। जनवरी से मार्च तक लगभग साढे उनतालिस करोड़ फेस ऑथेंटिकेशन लेनदेन किए गए। मंत्रालय ने बताया कि चेहरा प्रमाणीकरण भी एक मजबूत विकल्प साबित हो रहा है, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और ऐसे व्यक्तियों के लिए जिन्हें विभिन्न कारणों या स्वास्थ्य स्थितियों के चलते फिंगर प्रिंट की गुणवत्ता में समस्या है। सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों में एक सौ दो संस्थाएं आधार फेस ऑथेंटिकेशन का उपयोग कर रही हैं। यह प्रमाणीकरण विधि उपयोगकर्ताओं को केवल चेहरे के स्कैन से अपनी पहचान सत्यापित करने में सक्षम बनाती है, साथ ही कड़े सुरक्षा मानक बनाये रखती है।

<><><><><><><>

प्रदर्शनी मैदान में चल रहे पुस्तक मेले के पहले दिन मुख्यभूमि और भारत के विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तके प्रदर्शित की गईं। पुस्तक मेले में एनबीटी द्वारा एक विशेष बाल कोना भी स्थापित किया गया है, जहाँ स्कूली छात्र कठपुतलियों के साथ कहानी सुनाने और 'अंडमान के सुंदर समुद्र तट' और 'हमारे महासागरों को बचाएँ' विषय पर एक ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज स्टोरी टेलिंग, नारा लेखन प्रतियोगिता और कठपुतली बनाने की कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसी तरह, शाम छह बजे से नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा बच्चों की किताबों पर एक सत्र आयोजित किया जाएगा। यह पुस्तक मेला न केवल सभी उम्र के पाठकों को

लाभान्वित करेगा, बल्कि लेखकों को जनता से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करेगा। मेले में आए प्रकाशक अभिषेक ने विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के प्रबंधन पर खुशी जाहिर की।

ये मेला हर उम्र के लोगों के लिए किताबे उपलब्ध कराएगा, जिसमें साहित्य और इतिहास से जुड़ी पुस्तकें भी शामिल होंगी। मेले का उद्देश्य लोगों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना और ज्ञान का प्रचार–प्रसार करना है।

मेला दिन में ग्यारह बजे से रात नौ बजे तक खुला रहेगा।

<><><><><><><>

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत तथा गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, कल राज निवास में राजस्थान और ओडिशा का स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह में राजस्थान और ओडिशा के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर राजस्थान और ओडिशा पर एक लघु वृत्तचित्र दिखाया गया। समापन समारोह में आमंत्रितों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के इतिहास, सौन्दर्य और संस्कृति एवं विरासत के बारे में जागरूकता पैदा करने के उददेश्य से कला एवं संस्कृति विभाग, द्वीपसमूह से संबंधित विषयों पर लघु फिल्म और फोटो प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। प्रतियोगिता ऑनलाइन मोड के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का विषय इन द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता एवं विरासत, इतिहास, समग्र संस्कृति, वनस्पतियों, जीवों, समुद्री जैव विविधता और पर्यटन पर केन्द्रित हो सकते हैं, जो अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के सार को दर्शाते हैं। इच्छुक प्रतिभागी अपने आवेदन पन्द्रह अप्रैल तक अण्डमान डॉट मॉय गाव डॉट इन पर जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के मछुआरा कल्याण संघ ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछली पकड़ने वाले जहाजों और नावों के लिए बीमा प्रीमियम अनुदान योजना के कार्यान्वयन को मंजूरी देने के लिए केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया है। इस योजना में बीमा प्रीमियम में महत्वपूर्ण छूट दी जाती है, जिसमें केन्द्र सरकार एक बड़ा हिस्सा वहन करती है, जिससे मछुआरों पर वित्तीय बोझ कम होता है। द्वीपसमूह के शासी निकाय सदस्य एस. यू. महेश्वर राव ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना द्वारा मछुआरों को उनके कल्याण हेतु अधिकतम लाभ मिलेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित पांडिचेरी विश्वविद्यालय परिसर ने एमबीए छात्रों के लिए इन कैम्पस प्लेसमेंट अभियान का आयोजन किया। प्लेसमेंट में बिजनेस ऑटोमेशन कंपनी, एस आई एस सी ओ बिजनेस सॉल्युशन ने बिजनेस डेवलेपमेंट एसोसिएट और फाइनेन्स एसोसिएट के पद के लिए एमबीए प्रोग्राम के वर्तमान बैच के लिए कैम्पस इंटरव्यू आयोजित किया। ब्रुक्शाबाद में आयोजित हुए इस प्लेसमेंट अभियान में कई छात्रों ने भाग लिया। साक्षात्कार तीन चरणों में आयोजित किया गया। चयनित छात्रों की घोषणा आज की जाएगी।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जून–दो हजार पच्चीस टर्म एंड परीक्षा की असाइंमेंट और इंटर्नशिप रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि तीस अप्रैल तक बढ़ा दी है। जो छात्र जून में परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें अपने असाइंमेंट तीस अप्रैल से पहले अपने संबंधित अध्ययन केन्द्रों में जमा करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के आधिकारिक वेबसाइट देखी जा सकती है।

<><><><><><><>

बेटापुर स्थित सरकारी आरा मिल में भौतिक सत्यापन के कार्य के चलते आम जनता, सरकारी विभाग और ठेकेदारों के लिए एक अप्रैल से लकड़ी की बिक्री और आवेदन की प्राप्ति अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी द्वारा कल प्रदर्शनी मैदान में दस दिवसीय पुस्तक मेले का उदघाटन करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने भी इस खबर को अपनी बड़ी खबर बनाया है। इसके अलावा अखबार ने नगरपालिका परिषद की ओर से अमृत टू प्वाइंट ओ के तहत चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने के समाचार को भी प्रथम पृष्ठ के निचले भाग में प्रकाशित किया है। विकसित भारत युवा संसद दो हजार पच्चीस के तीन शीर्ष राज्य स्तरीय विजेताओं को नई दिल्ली में राष्ट्र स्तर की युवा संसद में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है। अण्डमान निकोबार समग्र क्षेत्रीय केन्द्र की ओर से वर्ल्ड ऑटिज्म पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में प्रकाशित किया है। सांसद विष्णु

पद रे द्वारा ग्रामीण सड़क योजना के तहत द्वीपसमूह के लिए विशेष छूट प्रदान करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह करने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**